दिन– मंगलवार | दिनांक– 17/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने कहा– एक हजार एक सौ बहत्तर चिन्हित अपराधियों की सम्पत्ति जब्त की जायेगी। आपराधिक मामलों के निपटारे के लिए खुलेंगे एक सौ फास्ट ट्रैक कोर्ट।

02. निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा विभाग ने प्रदेश के सभी एक सौ इकसठ ग्रिड सब स्टेशन की जांच करवाने का फैसला किया।

03. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा– अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश के प्रत्येक वार्ड में होगा योगाभ्यास सत्र का आयोजन।

04. और, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान राज्य में मॉनसून के प्रवेश की सम्भवना जतायी। आज सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में भारी बारिश की चेतावनी।

————————————————————

प्रदेश में एक हजार एक सौ बहत्तर चिन्हित अपराधियों की सम्पत्ति जब्त की जायेगी। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इनमें बालू, शराब और भूमि माफिया के साथ–साथ रंगदारी और लूट के जरिये अवैध सम्पत्ति अर्जित करने वाले अपराधी शामिल हैं।

———बाईट———

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि हत्या, डकैती और लूट जैसे गम्भीर कांडों में शामिल अपराधियों को सजा दिलाने के लिए एक सौ फास्ट ट्रैक कोर्ट खोले जायेंगे। पुलिस मुख्यालय ने इससे संबंधित प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा है।

———बाईट———

————————————————————

केन्द्रीय पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा है कि बिहार को आंतरिक जलवाह केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए पटना में वाटर मेट्रो की शुरूआत की जायेगी। श्री सोनोवाल पटना में गंगा नदी में जल परिवहन विकास को लेकर आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में गंगा नदी से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कर वाराणसी से हल्दिया तक जल परिवहन मार्ग का उन्नयन किया जायेगा।

———बाइट———

श्री सोनोवाल ने कहा कि छह हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि से राष्ट्रीय जल मार्गों के विकास के लिए महत्त्वपूर्ण कार्य किए जा रहे है।

---

राज्य सरकार ने प्रदेश की सभी एक सौ इकसठ ग्रिड सब स्टेशन की जांच करवाने का फैसला किया है। पटना में पिछले दिनों दो ग्रिड स्टेशन में आई खराबी के बाद विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बाधित होने की पृष्ठभूमि में यह फैसला किया गया है। ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि तीन दिनों के भीतर सभी स्टेशन की ग्यारह बिन्दुओं पर जांच पूरी करने का आदेश दिया गया है।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि इक्कीस जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर वार्ड स्तर पर योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया जायेगा। श्री पांडेय ने कहा कि इस सत्र में लोगों को योग के महत्व के बारे में जानकारी दी जायेगी। इधर, राज्य में योग दिवस की तैयारियां जोरो पर है। पटना स्थित आयुर्वेदिक महाविद्यालय के योग संकाय के अध्यक्ष प्रोफेसर गंगाधर सिंह ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि योग विभिन्न बीमारियों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

———बाईट———

---

पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि गांधी सेतु पर लगने वाले जाम की समस्या से मुक्ति के लिए सेतु के दोनों एप्रोच पथ पर बीएसएनएल चौक से पहाड़ी तक जंक्शन निर्माण किया जायेगा। इसके साथ ही ट्रैफिक प्रबंधन के लिए एडवांस ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम की स्थापना भी की जायेगी। पटना में केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पदाधिकारियों साथ समीक्षा बैठक के बाद श्री नवीन ने यह जानकारी दी।

---

बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद ने पांच जिलों बक्सर, औरंगाबाद, मुंगेर, जमुई और भागलपुर के अट्ठाईस वृक्षों को जैव विविधता विरासत वृक्ष घोषित किया है। इनकी उम्र एक सौ से पांच सौ वर्ष के बीच है। चयनित वृक्षों में सबसे पुराना वृक्ष औरंगाबाद जिले के मदनपुर प्रखंड की दक्षिणी उमगा पंचायत के सहियारी टोला के पास स्थित है। बरगद का यह वृक्ष पांच सौ वर्ष पुराना है। इस सूची में सबसे अधिक बारह वृक्ष बरगद के हैं। इसके अलावा पीपल के छह, पाकड़ के तीन, महुआ, नीम और सेमल के दो–दो तथा गुलर, ईमली, कल्प वृक्ष और कनक चम्पा के एक–एक वृक्ष शामिल हैं।

---

प्रदेश में अगले दो दिनों के दौरान दक्षिण–पश्चिम मॉनसून के दस्तक देने की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के निदेशक आशीष कुमार ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि मॉनसून के बिहार में प्रवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। मॉनसून पूर्णिया के रास्ते राज्य में प्रवेश करेगा। श्री कुमार ने बताया कि इस बार राज्य में सामान्य से अधिक बारिश होने की सम्भावना है।

–––बाईट–––

इधर, मौसम विभाग ने आज सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

–––बाईट–––

———————————————————————

इधर, कल बारिश के दौरान राज्य के अलग–अलग हिस्सों में वज्रपात की घटनाओं में दस लोगों की मौत हो गयी जबकि चौदह अन्य घायल हो गये। बक्सर जिले में चार, पश्चिम चम्पारण में तीन, कटिहार में दो और लखीसराय जिले में एक व्यक्ति की मौत हुई है।

———————————————————————

इस बीच, भीषण गर्मी को देखते हुये पटना जिला प्रशासन ने बीस जून तक सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में कक्षा आठ तक का वर्ग संचालन सुबह ग्यारह बजे तक ही करने का आदेश दिया है। यह आदेश कोचिंग संस्थानों पर भी प्रभावी होगा। वहीं, जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन सुबह दस बजे तक ही होगा।

———————————————————————

सारण, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और रोहतास जिले में टूल रूम प्रशिक्षण संस्थान का एक्सटेंशन केन्द्र खोला जायेगा। केन्द्र सरकार ने इन केन्द्रों के लिए दस–दस करोड़ रूपये की राशि जारी की है। इन केन्द्रों पर आईटीआई और डिप्लोमा कर चुके छात्रों को नये उद्योगों में उपयोग होने वाले उपकरणों का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

———————————————————————

राज्य के सरकारी और निजी बीएड कॉलेजों में नामांकन के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इस बार कुल सैंतीस हजार सीटों पर नामांकन होगा।

———————————————————————

उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित चौथे कियो नेशनल कराटे चैंपियनशिप में बिहार की टीम ने दो पदक अपने नाम किये। दरभंगा के प्रियांश ने रजत और युवराज आदर्श ने कांस्य पदक जीता।

बेगूसराय के तेघड़ा में खेले जा रहे मोईनुलहक फुटबॉल टूर्नामेंट के कल दूसरे दिन खेले गये एक मैच में पूर्णियां ने रोहतास को हराकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया है।

———————————————————————

और, अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

मधुबनी के सांसद अशोक यादव के पुत्र विभूति कुमार को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। उन्हें दरभंगा के सिमरी थाना क्षेत्र के शोभन मोड़ के पास से बरामद किया गया।

———————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरी की टीम ने अरवल के करपी प्रखंड में पदस्थापित आवास सहायक सुनील कुमार सुमन को दस हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

शेखपुरा की एक अदालत ने बहुचर्चित हथकटवा कांड में ग्यारह आरोपियों को आजीवन कारावास और पचास—पचास हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज में आरोपियों की गिरफ्तारी करने पहुंची पुलिस टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये।

———————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के अलग—अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापेमारी कर पांच साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से उनतीस लाख रूपये और हथियार समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये।

———————————————————————

पटना के दानापुर से पुलिस ने फर्जी स्टाम्प बनाने वाले एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी मिलिट्री इंटेलीजेंस, लखनऊ की सूचना पर हुई है।

———————————————————————

सहरसा जिले के चंदौर के पास एक हाईवा की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी। इधर, पटना के बेऊर थाना क्षेत्र अन्तर्गत बेऊर बघरा रोडगंज पर एक हाईवा की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के चैरियाबरियारपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत सकरवासा पंचायत स्थित एक चौर में नहाने के दौरान डूबने से दो किशोरियों की मौत हो गयी।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने केन्द्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल के हवाले से लिखा है– पटना में जल्द शुरू होगी वाटर मेट्रो।

प्रभात खबर लिखता है– बिहार के लिंगानुपात में कमी, प्रति हजार लड़कों पर लड़कियों की संख्या आठ सौ इक्यानवे हुई।

दैनिक भास्कर की विशेष रिपोर्ट है– पन्द्रह से पच्चीस साल के सोलह हजार लोगों ने उठा ली वृद्धा पेंशन।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– एक अप्रैल दो हजार छब्बीस से घरों की गिनती के साथ देश में शुरू होगी जनगणना।

राष्ट्रीय सहारा और आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. राज्य सरकार ने कहा– एक हजार एक सौ बहत्तर चिन्हित अपराधियों की सम्पत्ति जब्त की जायेगी। आपराधिक मामलों के निपटारे के लिए खुलेंगे एक सौ फास्ट ट्रैक कोर्ट।

02. निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा विभाग ने प्रदेश के सभी एक सौ इकसठ ग्रिड सब स्टेशन की जांच करवाने का फैसला किया।

03. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा– अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश के प्रत्येक वार्ड में होगा योगाभ्यास सत्र का आयोजन।

04. और, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान राज्य में मॉनसून के प्रवेश की सम्भवना जतायी। आज सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में भारी बारिश की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।